आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार दिनांक 08.02.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में दो उच्च स्तरीय बैठकें लेकर नक्सल विरोधी अभियानों के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।
- केन्द्रीय गृहमंत्री आज शाम रायपुर में राष्ट्रीय कॉनक्लेव 'छत्तीसगढ़ एट द रेट ट्वेंटी फाइव : शिफ्टिंग द लेंस' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के दीर्घकालिक विजन को साकार करने वाला एक सशक्त दस्तावेज है।
- गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में दस फरवरी से अरपा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल।

केन्द्रीय गृहमंत्री–माओवाद बैठक

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज रायपुर में दो उच्च स्तरीय बैठकें लेकर नक्सल विरोधी अभियानों के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि सिक्योरिटी सेंट्रिक स्ट्रेटजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर प्रहार और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। श्री शाह ने दोहराया कि इस वर्ष इकतीस मार्च से पहले नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो रहा है।

श्री शाह ने सोशल मीडिया पर जारी एक अन्य संदेश में कहा है कि जो छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास का पर्याय बन चुका है। यहां के युवा, स्पोर्ट्स, फॉरेंसिक तथा टेक्निकल एजुकेशन को गति देते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी सहेज रहे हैं।

इन बैठकों में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ ही पुलिस प्रशासन तथा केन्द्रीय सुरक्षा एजेसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक नक्सलवाद के विरूद्ध निर्णायक प्रगति का सशक्त संकेत है। उन्होंने कहा कि सटीक सुरक्षा–केन्द्रित रणनीति, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर कड़ा प्रहार तथा प्रभावी आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आज छत्तीसगढ़ सहित नक्सल दंश से पीड़ित सभी प्रदेशों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इकतीस मार्च तक छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने के अपने संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धता के साथ तीव्र गति से अग्रसर है।

<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–राष्ट्रीय कॉनक्लेव</u>

वहीं, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रायपुर में राष्ट्रीय कॉनक्लेव 'छत्तीसगढ़ एट द रेट ट्वेंटी फाइव : शिफ्टिंग द लेंस' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा शासन के पन्द्रह सालों में राज्य बहुत अधिक

विकास हुआ। श्री शाह ने कहा कि कुछ लोग माओवाद की समस्या को विकास नहीं होने से जोड़ते हैं, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं।

श्री शाह ने आरोप लगाया कि पांच साल कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ का विकास थम गया और अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एक बार फिर भाजपा की सरकार बनी और विकास कार्यों को गति मिली।

उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ पच्चीसवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। यह प्रदेश, देश के लिए शुभंकर साबित होगा। श्री शाह ने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित भारत बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जो संकल्प है, उसमें छत्तीसगढ़ भी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

केन्द्रीय मंत्री–पत्रकारवार्ता

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के दीर्घकालिक विजन को साकार करने वाला एक सशक्त दस्तावेज है। आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्री खट्टर ने कहा कि इस बजट में अगले पच्चीस वर्षों के लिए देश के आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास की स्पष्ट दिशा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि यह बजट पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार किया गया है, जो शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। बजट में सोलहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट को भी सम्मिलित किया गया है, जिससे आगामी वर्षों में राज्यों के विकास को नई गति मिलेगी। श्री खट्टर ने विश्वास जताया कि बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिजली, आवास, शहरी विकास और अधोसंरचना क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस वर्ष बजट में छत्तीसगढ़ को रेलवे विकास के लिए सात हजार चार सौ सत्तर करोड़ रूपए का आवंटन मिला है, जो राज्य की रेल कनेक्टिविटी और क्षमता को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से छत्तीसगढ़ में नेशनल हाईवे के विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत तीन हजार चार सौ किलोमीटर से अधिक की सड़कों का निर्माण किया गया है। भारतमाला परियोजना के तहत राज्य में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए पांच सौ इकहत्तर किलोमीटर से अधिक के नेशनल हाईवे कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। श्री खट्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना के तहत जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर से उड़ानें शुरू की गई हैं। इसके अतिरिक्त रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल को 'कृषि उड़ान योजना' में भी शामिल किया गया है।

बस्तर पंडुम

जगदलपुर में चल रहे तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का कल नौ फरवरी को समापन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय गृह अमित शाह शामिल होंगे।

प्रतियोगिता में कुल बारह विधाओं में एक सौ बयानवे कलाकार जनजातीय नृत्य में और एक सौ चौंतीस कलाकार जनजातीय नाटक सहित अन्य विधा में हुनर दिखा रहे हैं। पैंसठ कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति देंगे। वहीं, छप्पन प्रतिभागी जनजातीय व्यंजन बनाएंगे।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू ने बीते सात फरवरी को संभाग स्तीय बस्तर पण्डुम का शुभारंभ किया था।

अरपा महोत्सव

गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में दस फरवरी से अरपा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तैयारियों के संबंध में जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बताया कि महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत तीन सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण तथा हितग्राहियों को सामग्री और सहायता राशि का चेक वितरित किया जाएगा। इसके अलावा टीबी मुक्त इंक्यावन पंचायतों, बाल विवाह मुक्त इकहत्तर पंचायतों और गौरेला–पेण्ड्रा के दो नगरीय निकायों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

दुर्घटना

जांजगीर–चांपा जिले के कोटगढ़ गांव के पास आज तीन ट्रेलरों के बीच टक्कर हो गई। उसके बाद तीनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में एक वाहन के ड्राईवर की जलकर मौत हो गई। वहीं, दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही अकलतरा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तीन घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कोंडागांव में पदस्थ शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी को चालीस हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

- यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा होली पर्व के अवसर पर गोंदिया से छपरा जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

- रायपुर के तेलीबांधा स्थित आबकारी कार्यालय के चौथे माले में आज लगी आग में कई फाइलों की जलने की आशंका है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।
- विश्व व्यापार संगठन के वैश्विक शासन के तीन दशक पूरे होने पर नवा रायपुर स्थित हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वाणिज्य मंत्रालय के प्रमुख विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय नीति विश्लेषकों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>